बृहस्पतिवार
05 मई 2022



पृष्ठ 4

**पाएं सुकोमल बाहें, कोहनियां**



पृष्ठ 5

**साउथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े संग जमेगी विक्की कौशल की जोड़ी**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 96
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

लोहा गरम भले ही हो जाए पर हथौड़ा तो ठंडा रह कर ही काम कर सकता है।
— सरदार पटेल

# दूनवैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# संवाद से सब कुछ संभवः योगी

## ❑ उत्तराखंड को मिला अलकनंदा होटल

विशेष संवाददाता

हरिद्वार। संवाद से सभी समस्याओं का समाधान संभव है अब यूपी भागीरथी के साथ अपनी यात्रा को आगे बढ़ाएगा और आप अलकनंदा को संभालिए। अलकनंदा और गंगा को मिलकर ही गंगा-गंगा बनती है। हमें आपसी सहयोग से एक भारत, श्रेष्ठ भारत का निर्माण करना है।

यह उद्गार आज उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरिद्वार में आयोजित एक कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने परिसंपत्तियों के बंटवारे की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए अलकनंदा होटल का स्वामित्व उत्तराखंड और भागीरथी पर्यटन आवास गृह को उत्तर प्रदेश के आधिपत्य में दे दिया गया। यूपी के सीएम योगी ने इससे पूर्व भागीरथी के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच हुए समझौते



### ●उत्तर प्रदेश को मिला भागीरथी टूरिज्म आवास ग्रह

के आधार पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आज गंगा किनारे बने अलकनंदा होटल की चाबी सीएम धामी को सौंप दी गई। इस अवसर पर पुष्कर सिंह धामी ने योगी आदित्यनाथ के सहयोग के लिए उनका धन्यवाद दिया तथा उन्हें उत्तराखंड और देश की धरोहर बताया। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब 2017 में वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे तब यूपी व उत्तराखंड का परिसंपत्ति विवाद का वाद सुप्रीम कोर्ट में चल रहा था लेकिन हमने इसे संवाद के जरिए समाधान तक पहुंचाने का निश्चय किया और उसमें सफलता भी हासिल की। उन्होने कहा कि यह बड़ा अवसर है। आपसी सहयोग से हमने इस बड़े मसले को सिर्फ 20 मिनट में सुलझा लिया। योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड की चार धाम यात्रा को उसकी पहचान बताते हुए कहा कि इसे उत्कृष्ट बनाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चार धाम के विकास के लिए किए जाने वाले कामों की सराहना करते हुए कहा कि इससे राज्य में स्प्रिटिचुअल टूरिज्म ही नहीं तमाम तरह के पर्यटन विकास की अपरमित संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अनेक टूरिज्म प्लेस हैं। हर सीजन में नया पर्यटन संभव है। पर्वतारोहण, साहसिक पर्यटन, धार्मिक पर्यटन, योग पर्यटन जैसी अनेक संभावनाएं हैं जो बेरोजगारी व पलायन की समस्या का समाधान बन सकती हैं।

उन्होंने अयोध्या, काशी और वृंदावन, मथुरा के विकास का उदाहरण देते हुए

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

# दिल्ली पुलिस का सिपाही साथियों सहित नकली नोटों के साथ गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

नई टिहरी। चारधाम यात्रा के दौरान देवप्रयाग में नकली नोट चलाने वाले अंतरराज्यीय गैंग पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दिल्ली पुलिस के एक सिपाही सहित गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों का कहना है कि वह चारधाम यात्रा में नकली नोट चलाने के लिए उत्तराखण्ड आये थे।

एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि देवप्रयाग में पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग नकली नोट देकर खरीददारी करने का प्रयास कर रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान जब पुलिस ने एक कार रोका तो उसमें सवार लोगों ने भागने का प्रयास किया। जिस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से 200 रूपये के चार जाली नोट बरामद किये। देवप्रयाग थाने लाकर की गयी पूछताछ में उन्होने अपना नाम सचिन (दिल्ली पुलिस का सिपाही) पुत्र राजकुमार सोनीपत हरियाणा, हितेश पुत्र ओमप्रकाश निवासी रेवाड़ी हरियाणा, दीपक कुमार पुत्र जगदीश सिंह निवासी सोनीपत हरियाणा व मोहित पुत्र रविन्द्र कुमार निवासी रेवाड़ी हरियाणा बताया। बताया कि हम लोग गुड़गांव हरियाणा में जाली नोटों को प्रिंट करते है तथा अलग-अलग शहरों में जाकर दुकानदारों से छोटी-छोटी चीजें लेकर नोटों को असली के रूप में

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

# करनाल से 4 आतंकी गिरफ्तार, हथियार व विस्फोटक बरामद

हरियाणा। करनाल पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है करनाल पुलिस ने मधुबन थाना क्षेत्र में संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आतंकवादी किसी बड़े आतंकी हमले की फिराक में थे। आतंकियों के तार




पाकिस्तान से भी जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। पकड़े गए आतंकियों के नाम गुरप्रीत संदीप परमिंदर और भूपेंद्र हैं। पुलिस की चार टीमों ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर दिल्ली नंबर की इनोवा गाड़ी को दिल्ली चंडीगढ़ नेशनल हाईवे स्थित बसताड़ा टोल के पास रोका जिसके बाद इन आतंकियों को पकड़ने में सफलता हासिल हुई। पुलिस ने उनके कब्जे से हथियार और विस्फोटक सामान भी बरामद किए इनके पास से देसी पिस्टल ३१ जिंदा कारतूस, बारूद से भरे कंटेनर और १५०००० बरामद हुए हैं। आतंकी इनोवा कार से पंजाब से दिल्ली जा रहे थे। करनाल एसपी गंगाराम पूनिया के अनुसार पाकिस्तान में रह रहे आतंकी हरजिंदर सिंह ने इन आतंकियों को यह कंटेनर और अन्य सामान तेलंगाना के आदिलाबाद जिले की एक लोकेशन पर पहुंचाने की हिदायत दी थी। इन आतंकियों के फोन में भी यही लोकेशन मिली है। इन आतंकियों में सबसे मुख्य गुरप्रीत माना जा रहा है जिसके साथ पाकिस्तान में बैठे आतंकी हरजिंदर सिंह का लगातार कम्युनिकेशन बना हुआ था।

# पिछले 24 घंटों में कोरोना के 3275 नए केस दर्ज, 20 हजार के करीब हुए एक्टिव मरीज

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामलों में पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जो ताजा आंकड़े जारी किए गए हैं उसके अनुसार पिछले २४ घंटों में कोरोना के ३२७५ नए मामले सामने आए हैं जबकि ३०१० लोग कोरोना से ठीक हुए हैं।

कोरोना से मरने वालों की संख्या में भी आज इजाफा हुआ है। पिछले २४ घंटों में कोरोना से ५५ लोगों की मौत हुई है। बुधवार को कोरोना से ३१ लोगों की मौत हुई थी। देश में कोरोना के एक्टिव केस की बात करें तो यह संख्या १६७१६ है। अभी तक देश में कोरोना वैक्सीन की १८९६३३०३६२ डोज दी जा चुकी हैं। जबकि पिछले २४



घंटों में वैक्सीन की १३६८७१० डोज दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार दैनिक पॉजिटिविटी रेट १.०७ फीसदी पहुंच गई है, जबकि साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट ०.७० फीसदी है। सबसे ज्यादा कोरोना के नए मामले मुंबई में देखने को मिल रहे हैं। पिछले दो महीनों में सबसे अधिक कोरोना के मामले मुंबई में आज सामने आए हैं। मुंबई में कोरोना के ११७ मामले सामने आए हैं। वहीं कोरोना से मरने वालों की बात करें तो केरल में कोरोना से सबसे अधिक लोगों की मौत हुई है। केरल में कोरोना से ५२ लोगों की मौत हुई है।

गौर करने वाली बात है कि पंजाब के पटियाला स्थित राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ में ६० छात्र कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। जिस तरह से बड़ी संख्या में छात्र कोरोना संक्रमित पाए गए हैं उसके चलते सभी हॉस्टल को खाली करने का निर्देश दिया गया है। छात्रों से १० मई तक हॉस्टल खाली करने को कहा गया है। जिससे की संक्रमण को आगे बढ़ने से रोका जा सके। संक्रमण के चलते टर्म परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# जख्मों पर नमक

भले ही रिजर्व बैंक द्वारा बीते कल जो रेपो रेट में .40 फीसदी की बढ़ोतरी का फैसला लिया गया है उसके पीछे बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की कोशिश बताया जा रहा हो लेकिन सच यह है कि इससे आम आदमी की आर्थिक परेशानियां और भी अधिक बढ़ने वाली हैं तथा कोरपोरेट क्षेत्र भी इससे हतोत्साहित होगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत का कहना है कि देश में बढ़ती मुद्रास्फीति और कच्चे तेल की कीमतों तथा यूक्रेन युद्ध के कारण बदली वैश्विक परिस्थितियों के कारण रेपो रेट को बढ़ाकर 4 से 4,40 प्रतिशत किया गया है। रेपो रेट के बढ़ने से बैंकों को अब बढ़ी हुई ब्याज दर पर पैसा मिलेगा इसका सीधा अर्थ है कि आम आदमी के लोन पर बैंकों द्वारा ब्याज बढ़ा दिया जाएगा और कर्ज की ईएमआई बढ़ जाएगी। केंद्रीय बैंक के इस फैसले का प्रभाव कहां-कहां पड़ेगा और कितना पड़ेगा इसे इससे भी समझा जा सकता है कि रेपो रेट में वृद्धि के बाद कल शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई। कोरोना काल के बाद पटरी पर लौटती अर्थव्यवस्था को इससे झटका लगना तय है खासतौर से रियल स्टेट कारोबार पर इसका प्रभाव पड़ना तय है। रेपो रेट बढ़ने से जन कर्ज महंगा हो जाएगा तो फिर वह चाहे कार हो या घर सब के दाम बढ़ेंगे। आम लोग जब सस्ते घर नहीं खरीद पा रहे थे तो फिर महंगे घर कैसे खरीदेंगे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल व गैस की कीमतें बढ़ने से पहले ही आम उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में आग लगी पड़ी थी अब रही सही कमी रिजर्व बैंक ने कर्ज की ब्याज दर बढ़ाकर कर दी गई है। खास बात यह है कि 4 साल पूर्व केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो रेट को घटाकर 4 फीसदी किया गया था जो कि सबसे निचले स्तर पर था 4 साल तक इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया फिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने अचानक बैठक कर रेपो रेट बढ़ा दिया गया। लोग अभी कोरोना के कारण आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, बेरोजगारी बढ़ी है। खुदरा और थोक महंगाई दर में निरंतर वृद्धि जारी है आम आदमी मुश्किल दौर से गुजर रहा है ऐसे में अगर उसे मिलने वाला कर्ज भी महंगा हो जाएगा तो उसके लिए संकट और भी अधिक बढ़ना स्वाभाविक है। इसका प्रभाव सिर्फ आम आदमी और उद्योग धंधों पर ही नहीं पड़ेगा बल्कि सरकार के वित्तीय अनुशासन पर भी पड़ेगा। 4 साल तक रिजर्व बैंक द्वारा दिखाई गई उदारता और आकस्मिक रेपो रेट में की गई यह वृद्धि किसी कारण से की गई सही, लेकिन सामाजिक जीवन पर इसका प्रभाव अच्छा पड़ने वाला नहीं है। रिजर्व बैंक के गर्वनर ने जो आशंका जताई है कि मुद्रास्फीति अभी और भी बढ़ सकती है सही हो सकती है लेकिन रेपो रेट बढ़ाकर क्या मुद्रास्फीति को बढ़ने से रोका जा सकेगा? इस सवाल पर अभी कोई जवाब नहीं है। फिलहाल यह रेपो रेट वृद्धि महंगाई की मार झेल रहे लोगों के जख्मों पर नमक डालने जैसा ही है।

# तीसरा मोर्चा बना तो क्या करेंगे पीके ?

भाजपा और कांग्रेस से मुकाबले के लिए एक तीसरा मोर्चा बन रहा है। इस बात का अंदाजा दूसरे मोर्चे का नेतृत्व कर रही कांग्रेस पार्टी को है। कांग्रेस की मदद के लिए आगे आए चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर को भी इसका अंदाजा है और इसी वजह से उन्होंने कहा है कि अगले चुनाव में भाजपा का मुकाबला सिर्फ दूसरा मोर्चा ही कर सकता है। वे मान रहे हैं कि दूसरा मोर्चा ही भाजपा को हरा सकता है। दूसरा मोर्चा का मतलब कांग्रेस और उसकी कमान वाली यूपीए है। इसमें कई प्रादेशिक क्षत्रप शामिल हैं। डीएमके, जेएमएम, एनसीपी जैसी बड़ी पार्टी इसमें हैं। इनके अलावा कुछ छोटी पार्टियां हैं, कुछ राजद ऐसी पार्टियां हैं, जो यूपीए में रही हैं लेकिन इस समय उससे अलग हैं और कुछ ऐसी पार्टियां हैं, जो हाशिए पर बैठ कर इंतजार कर रही हैं। इनके अलावा वामपंथी पार्टियां हैं, जो दूसरे मोर्चे के साथ जुड़ सकती हैं। परंतु प्रशांत किशोर के सामने मुश्किल यह है कि उनकी क्लायंट पार्टियां तीसरा मोर्चा बना रही हैं। उनकी कंपनी आई-पैक का तृणमूल कांग्रेस के साथ 2०26 तक करार है तो आई-पैक ने हाल ही में तेलंगाना राष्ट्र समिति के साथ करार किया है। अगर ये दोनों पार्टियां तीसरे मोर्चे में रहती हैं और कांग्रेस के नेतृत्व वाले दूसरे मोर्चे से तालमेल नहीं करती हैं तो प्रशांत किशोर क्या करेंगे? वे अगर सिद्धांत रूप से भी दूसरे मोर्चे के साथ जुड़े रहते हैं तो फिर तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में उनकी क्या भूमिका होगी? वे टीआरएस के लिए काम करेंगे या तटस्थ रहेंगे? यही दुविधा पश्चिम बंगाल में भी होगी। इसलिए कोई तीसरा मोर्चा बनने से पहले उनको आगे बढ़ कर इसे रोकना होगा और ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को दूसरे मोर्चे के साथ लाना होगा। अगर कांग्रेस पार्टी उनके प्रस्ताव पर तैयार हो जाती तो वे यह काम बहुत आसानी से कर सकते थे। लेकिन कांग्रेस ने अपने लिए भी और उनके लिए भी मुश्किल खड़ी कर दी है। (आरएनएस)

# फन कुचलने का हूनर सीखिये जनाब ?

जगदीश सिह

आजादी के सात दशक बाद तक देश के भीतर जिस तरह से आतंक के खौफका साम्राज्य इन्सानियत को रौंदता रहा! मानवता का कत्लेयाम करता रहा! दिशाएं गमगीन होकर कराहती रही! आजादी बिलख बिलख कर रोती रही! और इस देश की सियासत आंख पर पट्टी बांध कर सोती रही?भारत का ताज घायल दर्द से चीखता रहा! केशर के जगह बारुद की खेती होती रही!,स्वर्ग से भी सुन्दर कश्मीर सिसकती रही! मगर सत्ता के लालची सियासी खेल में देश की सम्प्रभुता का सौदा करते रहे?।कश्मीर से लाखों लाखों कश्मीरी पंडितों के विस्थापन का मुद्दा नगण्य हो गया! हजारों निरीह ब्राह्मणो की हत्या सियासतदारों के दोगलापन के चलते कोई समस्या नहीं बना।मगर समय सबका बदलता है जहां गीदड़ भी शेर बनकर शिकार करते थे! वहीं अब शेर गीदड़ सरीखे गोलीयों के शिकार हो रहे हैं! जहां बारुद बरसती थी वहां अब सेना की आग बरस रही रही है!जिन सियासतदारो के दम पर कश्मीर में ईद भी इन्सानियत की तबाही में मनाई जाती थी!लाल चौक पर पाकिस्तानी परचम की रहनुमाई थी वहां अब केशरीया परचम की अगुवाई है!जहां बारुद महकती अब केशर महक रही है।

बदलते हालात में सवालात अब खुराफात का नहीं! जज्बात का बन गया है?पत्थर बाज आज जानकी भीख मांग रहे हैं वन्देमातरम गा रहे है!भारत तेरे टुकडे होंगे का नारा लगाने वाले अब सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा के मुखड़े सुना रहे है!आखिर यह परिवर्तन कैसे हो गया यह सवाल दुनियां के जेहन में कौध रहा है।राष्ट्रवादी सोच देश की सम्प्रभुता को सुरक्षित रखने की कसकश् पुरातन सनातन भारत को वापस लाने की जीद्द ने सब कुछ बदल दिया!कश्मीर की तकदीर बदल गयी!तीतलाक हलाक हो गया! उन्मादियों का प्रोटेस्ट फेल हो गया!किसानों आनदोलन के शानिध्य में पनपा खालिस्तानियों का खेल खत्म हो गया!अलगाव वादियों के मन्सूबो पर पानी फिर गया !आतंकवाद का सूचकांक धड़ाम होकर गिरगया दंगा-फसाद अपवाद हो गया! सबसे उपर राष्ट्रवाद हो गया !कन्या कुमारी से लेकर कश्मीर तक का परीवर्तन दुनियां में नज़ीर बन गया! क्यों की देश का प्रधान मन्त्री लुटेरा नहीं सन्यासी हैं!सनातनी भारत का अभिलाषी है!शान से जीना, छप्पन इंच का सीना समझा दिया!बाकी जो कुछ बचा कश्मीर फाईल्स ने जन जागरण कर एकता की अलख जगा दिया!अपने ही मातृभुमि पर असहाय लाचार दिखने वाली कौम जो सदियों से सार्वभौम है चहकने लगी है! यही बदलता हिन्दुस्तान है! देश का नेता मोदी महान है? जिसके नाम पर आज सर झुकाता सारा जहान है!कूट टूट कर दिल में भरा राष्ट्र भक्ति का जज्बा जो मर्तवा हासिल कर रहा है इसको कभी किसी ने सोचा भी नही था! इस तरह का सियासी फैसला किसी ने देखा नहीं था!सबका साथ सबका विकाश देश द्रोहियो का विनाश और देश की सीमा पर चौकसी अभ्यास इस सदी का ऐतिहासिक इतिहास बन गया! बिश्व गुरू बनने के राह पर बढ़ चला भारत निरन्तर अपनी पहचान को पोख्ता कर रहा है। आत्मनिर्भरता ,साक्षरता ,स्वक्षता ,को मूल मुद्दा बनाकर नव निर्माण के तरफ बढ़ चला मजबूत कदम रामबाण साबित हो रहा है।विश्व समुदाय पर बर्वादी का खतरा मंडरा रहा है! सारी दुनिया में वर्चस्व की जंग तेज हो गयी! मानवता का विनाश हो रहा है! तीसरे विश्व युद्ध के तरफ दुनियां की महाशक्तियां बढ़ चली है! ऐसे में भारत ही एक ऐसा देश है जो शान्ती सद्भावना का सन्देश दे रहा है!सारी दुनियां भारत की तरफदेख रही है!देखिये आने वाले कल में भारत दुनिया का कैसे भाग्य विधाता बनता है! अड़ंगा बाजी कर रहे पाक और चीन है! मगर मोदी है तो सब कुछ है मुमकिन ,!

आज इस इबारत को यूं ही नहीं लिखा गया जो दिख रहा हैउसपर फोकस है।सच को स्वीकारना हमारी फित्तरत है।वर्तमान स्वाभिमान से जीने का हूनर सिखा दिया! यूनान मिश्र रोमा सब मिट गये जहां से कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी, का फार्मूला समझा दिया!

जाने कितनी नाराजगियो के हम हकदार हुये ॥

सारा जग बेगुनाह अकेले हम ही गुनहगार हुये॥

# राज्यपाल मलिक की हिम्मत

वेद प्रताप वैदिक



जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के तौर पर सतपाल मलिक ने जो अद्भुत काम किया है, मेरी स्मृति में इतना साहसिक कार्य किसी अन्य राज्यपाल ने भारत में पहले कभी नहीं किया। उन्होंने 3०० करोड़ रु. की रिश्वत को ठोकर मार दी। यदि वे उन दो फाइलों पर अपनी स्वीकृति के दस्तखत भर कर देते तो अनिल अंबानी की एक कंपनी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक नेता उन्हें 3०० करोड़ रु. आसानी से दिलवा देते। जब मलिक ने छह-सात माह पहले इस प्रकरण को सार्वजनिक जिक्र किया तो मुझे एकाएक विश्वास नहीं हुआ, क्योंकि आरएसएस के कार्यकर्त्ता इस तरह के अनुचित कार्यों से प्राय- दूर ही रहते हैं।

उनके और मेरे कुछ मित्रों ने कहा कि उन्हें पहले कश्मीर से गोवा और फिर वहां से मेघालय भेज दिया गया तो वे बस इस तबादले पर अपनी नाराजी निकाल रहे हैं लेकिन मैं सतपाल मलिक को उनके छात्र-काल से जैसा जानता हूं, मुझे लगता था कि उनके जैसा सत्यनिष्ठ और निर्भीक नेता ऐसे निराधार आरोप कैसे लगा सकता है। सतपाल मलिक की हिम्मत ने अब रंग दिखा दिया। जम्मू-कश्मीर के वर्तमान उप-राज्यपाल मनोज सिंह ने जो कि खुद मलिक की तरह लोकप्रिय छात्र-नेता रहे हैं, दोनों मामले सीबीआई को सौंप दिए हैं।

जम्मू-कश्मीर में भ्रष्टाचार के ऐसे मामलों की लंबी परंपरा है। जब शासन मुख्यमंत्रियों के हाथ में होता है तो वे बेलगाम होकर भ्रष्टाचार करते हैं। कश्मीर में भ्रष्टाचार का दूसरा नाम शिष्टाचार है। जिन दो मामलों की जांच चल रही है, उनमें एक जम्मू का कीरू हाइडल पॉवर प्रोजेक्ट है और दूसरा प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के स्वास्थ्य बीमे से संबंधित है। इन दोनों मामलों में जम्मू-कश्मीर के हजारों करोड़ रु. खपने थे।

पहले तो इनके टेंडर जारी करने में घपले हुए और फिर जब टेंडर जारी किए गए तो उनमें कई शर्तो का पालन नहीं किया गया। अंबानी की कंपनी को 61 करोड़ रू. का अग्रिम भुगतान भी हो गया। लगभग 4 हजार करोड़ के दूसरे प्रोजेक्ट में भी पता नहीं कितना घपला होता। सरकारी अफसरों ने सारी अनियमितताओं की अनदेखी कर दी और टेंडर भी पास कर दिए। यदि राज्यपाल आपत्ति नहीं करते तो हमेशा की तरह सारा खेल आराम से चलता रहता लेकिन विभागीय जांच से पता चला कि इन दोनों कंपनियों को हरी झंडी दिखाने के काले काम में सरकार के ऊँचे अफसरों की भी मिलीभगत है।

जाहिर है कि उन्होंने भी रिश्वत खाई होगी। उन अफसरों के खिलाफ पुलिस ने रपट लिख ली है और केंद्रीय जांच ब्यूरो ने जांच शुरु कर दी है। उप-राज्यपाल मनोज सिंहा ने पर्याप्त सख्ती और मुस्तैदी दिखाई, वरना जम्मू-कश्मीर को भारी नुकसान भुगतना पड़ता। भ्रष्टाचारी व्यवसायी और अफसरों की तो जेबें भरतीं लेकिन कश्मीरी नौजवानों को रोजगार के नाम पर कोरा अंगूठा मिलता। यदि अन्य प्रदेशों के राज्यपाल भी ऐसी ही सतर्कता का परिचय दें तो भ्रष्टाचार पर थोड़ा-बहुत अंकुश जरुर लग सकता है।

उदु ष्य देवः सविता हिरण्यया बाहू अयंस्त सवनाय सुक्रतुः।
घृतेन पाणी अभि प्रुष्णुते मखो युवा सुदक्षो रजसो विधर्मणि।।

(ऋग्वेद ६-७१-१)

संसार की प्रेरणा स्रोत, निर्माता और शासक सविता से हम प्रार्थना करते हैं। वह अपने दोनों हाथ उठाकर हमें सकारात्मक और दूसरों के हित के कार्य करने का आशीर्वाद प्रदान करें। जिससे संसार में सुख और समृद्धि बढ़े।

We pray to Savita, the source of inspiration, creativity and the ruler of the world. May she raise both her hands and bless us to work positively and for the benefit of others. May there be happiness and prosperity in the world. (Rig Veda 6-71-1)

## शीघ्र होगी मशमश रेस्टोरेंट की ग्रैंड ओपनिंगः दिव्या



संवाददाता

देहरादून। दिव्या रावत ने बताया कि मशमश मशरूम रेसिपी और सभी प्रकार की आधुनिक रेसिपी का रेस्टोरेंट है जो बन कर तैयार है।

राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित महिला सशक्तिकरण को कार्य कर रही मशरूम को नई पहचान देकर स्वरोजगार से प्रदेश के हजारों युवाओं को अपने मशरूम मिशन से जोड़ने कोरोनाकाल में जहां प्रदेश के युवाओं के सम्मुख रोजगार का संकट पैदा हो गया था ऐसी विषम परिस्थितियों में मशरूम ब्रैंड एंबेसडर दिव्या रावत के प्रयासों से मशरूम उत्पाद को स्वरोजगार के रूप में अपनाया। उनके मशरूम मिशन को देश भर में एक अलग पहचान दिलाने का एक और प्रयास है मशमश। जो प्रदेश के युवाओं के सम्मुख एक मॉडल पेश किया जा रहा है जो अब देहरादून के राजपुर रोड में 'मशमश' मशरूम रेसिपी और सभी प्रकार की आधुनिक रेसिपी का रेस्टोरेंट है जो बन कर तैयार है। दिव्या रावत ने बताया कि यह हमारे सभी उत्तराखंड के मशरूम उत्पाद से जुड़े महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों के मशरूम उत्पादों का रिटेल आउटलेट भी हैं। वहं कोई अलग कार्य नहीं कर रही है। वह बस एक सामाजिक दायित्व का निर्वहन करती आ रही है जिससे जीविका , रोजगार और पलायन जैसे सामाजिक चुनौतियों से मुकाबला हो सक।

## पर्यटक का मोबाइल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने पर्यटक का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीवर्धन टावर मुलुन्ड पश्चिम मुम्बई निवासी अजय आनन्द पाल नितकर ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह यहां घुमने के लिए आया था तथा त्रिवेणी घाट में नहाने के लिए गया तो उसने अपने कपडे व सामान बैग में रख दिये थे लेकिन जब वह नहाकर वापस आया तो उसने देखा कि उसका मोबाइल गायब था। उसने अपने मोबाइल पर कॉल भी की लेकिन वह सूच ऑफ दिखा रहा था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## गरुड़ में डीजल व पेट्रोल खत्म, चालक परेशान

बागेश्वर (आरएनएस)। तहसील में स्थापित पेट्रोल पंप में डीजल व पेट्राल खत्म हो गया है। इससे चालक परेशान हो गए हैं। अब उन्हें पेट्रो पदार्थों के लिए 24 किमी जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि इन दिनों पर्यटक सीजन के साथ ही यात्रा सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में तेल का नहीं मिलना उनके कारोबार को प्रभावित कर रहा है।

## आपदा मित्र प्रशिक्षण का समापन

बागेश्वर (आरएनएस)। फाल्गुन समिति के तत्वावधान में यहां आयोजित आपदा मित्र प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हो गया है। मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी के जिला सचिव आलोक पांडेय ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने की अपील की। पिथौरागढ़ से आए स्वयंसेवकों ने सुबह योग किया। उसके बाद बागनाथ धाम भ्रमण किया। मुख्य प्रशिक्षक भुवन चौबे, राजेंद्र प्रसाद कांडपाल, दीपक चौबे, अंजली बोरा, कपिल आदि उपस्थित रहे।

## चम्पावत में आचार संहिता लगते ही बैनर होर्डिंग हटाए

चम्पावत (आरएनएस)। आदर्श आचार संहिता लगने और चुनावी तिथि घोषित होते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने फोर्स की मदद से शहर में लगाए बैनर और होर्डिंग हटा दिए हैं। लोगों को उनके घरों और वाहनों में लगे बैनर को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। चुनाव आयोग ने बीते सोमवार शाम को आचार संहिता लगने की जानकारी दी। मंगलवार को चम्पावत के अलावा मैदानी क्षेत्र टनकपुर बनबसा में पुलिस और प्रशासन की टीम ने बाजार समेत गलियों में जाकर राजनीतिक दलों के बैनर और होर्डिंग से हटा दिए हैं। जिन घरों और लोगों के वाहनों में राजनीतिक बैनर लगे हैं उन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि 24 घंटे के भीतर बैनर और होर्डिंग से नहीं हटाए तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अलग-अलग स्थानों में पुलिस ने टीम भेजकर होर्डिंग हटवा दिए हैं।

# पांच वर्षीय बालक को पुलिस ने किया कुछ घंटो में बरामद



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। पांच वर्ष के बालक की गुमशुदगी को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल कार्यवाही कर बालक को कुछ ही घंटो में बरामद कर उसे परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया है। पुलिस के इस सराहनीय कार्य की स्थानीय लोगों द्वारा आभार जताया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज इकबाल पुत्र इस्लाम निवासी मक्खनपुर द्वारा थाना भगवानपुर में सूचना देकर बताया गया कि मेरा बेटा हुसैन उम्र 5 वर्ष जो दिन के करीब 11 बजे घर के बाहर खेल रहा था काफी समय व्यतीत होने के उपरान्त भी मेरा बालक घर नही आया, मेरे व मेरे परिवार वालो द्वारा आस-पास सभी जगह तलाश किया गया किन्तु बच्चे के बारे में कोई जानकारी मिल पायी है। मेरा बेटा हुसैन कही गुम हो गया है।

सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस तत्काल सभी सम्भावित स्थानो पर उक्त बालक की तलाश करने लगी। परिणाम स्वरूप पुलिस टीम द्वारा उक्त बालक को पैट्रोल पम्प गागलहेड़ी रोड़ मनव्वर की दुकान के सामने से बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

पूछताछ के बाद उक्त बालक को उसके पिता इकबाल के सकुशल सुपुर्द किया गया। बालक को बरामद करने पर शिकायतकर्ता इकबाल एवं जनता द्वारा भगवानपुर पुलिस की भूरि-भूरि प्रसंशा की गयी है।

## शराब के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान चकराता रोड पर एक वेगनआर कार को रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया।

कार की तलाशी लेने पर पुलिस ने नौ पेटी शराब बरामद कर ली। पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम टीकम सिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी आर्दश कालोनी पुलिस नम्बर-6 रायपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार को सीज कर दिया।

## कब होगी बैठक और कब तय होगा यात्रा का किराया

देहरादून (आरएनएस)। इस साल की चारधाम यात्रा मंगलवार से शुरू हो गई है। फिलहाल, निजी बस ऑपरेटरों को पुरानी दरों पर ही वाहनों का संचालन करना होगा। इसे लेकर सोमवार को भी निजी बस महासंघ के पदाधिकारियों ने परिवहन मुख्यालय में अधिकारियों से वार्ता की।

पिछले दिनों परिवहन मंत्री चंदन रामदास ने परिवहन मुख्यालय में सभी ट्रांसपोर्टरों, निजी बस ऑपरेटरों, रोडवेज के प्रतिनिधियों, सिटी बस, विक्रम, ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों से बातचीत की थी। सभी ने एक सुर में किराया बढ़ोतरी पर निर्णय लेने की मांग की थी। परिवहन मंत्री ने जल्द से जल्द किराया निर्धारण समिति को प्रस्ताव देने को कहा था। मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया था कि चारधाम यात्रा से पहले किराए पर निर्णय होगा।

अब यात्रा शुरू होने तक राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक न होने पर परेशान ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने परिवहन मुख्यालय का दरवाजा खटखटाया। सोमवार को उत्तराखंड बस ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष मनोज ध्यानी ने परिवहन अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द किराए पर निर्णय लिया जाए। ताकि चारधाम यात्रा के दौरान उन्हें नुकसान न उठाना पड़े। उधर, परिवहन आयुक्त रणवीर सिंह ने बताया कि एसटीए की बैठक को लेकर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

# एक सप्ताह में भी पुलिस नहीं पहुंची चेन लूटेरों के पास

संवाददाता

देहरादून। एक दिन में पांच चेन लूट की घटनाओं को अंजाम देकर बदमाशों ने पुलिस को खुली चुनौती दे दी थी। वहीं पुलिस अधिकारियों ने भी दावा किया था कि पुलिस ने बदमाशों को चिन्हित कर लिया है बस गिरफ्तार करना बाकी है। गिरफ्तार करने के लिए एक सप्ताह पुलिस टीमों के लिए काफी नहीं था उसके बाद भी बदमाश पुलिस के हाथों से बाहर है?

उल्लेखनीय है कि 28 अप्रैल की सुबह साढे नौ बजे से शहर में मोटरसाईकिल सवार बदमाशों ने अपना कहर ढाहना शुरू कर दिया था। पहली घटना मियांवाला क्षेत्र में महिला के गले से चेन लूट कर अंजाम दिया गया था। उसके बाद पुलिस के पास बदमाशों की सीसीटीवी फुटेज भी आ गयी थी लेकिन बदमाश यहीं शांत नहीं हुए उन्होंने छह थाना क्षेत्रों में घुम-घुमकर छह चेन लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था और दोहपर डेढ बजे आखिरी घटना सेलाकुई क्षेत्र में करने के बाद वह गायब हो गये। एक ही दिन में पांच चेन लूट व एक लूट का प्रयास की घटनाओं ने पुलिस विभाग में हडकम्प मचा दिया था। पुलिस अधि कारी दावे करने लगे थे कि शहर में चैकिंग अभियान चलाया हुआ है और बदमाश शहर से भाग नहीं सकते। लेकिन बदमाशों ने पुलिस की चैकिंग को भी चुनौती देते हुए एक के बाद एक घटनाओं को अंजाम देकर अपनी मनमर्जी करके यहां से निकल गये। इसके बाद डीआईजी/एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को चेतावनी दी कि उनके पास 48 घंटे का समय है वह बदमाशों को गिरफ्तार कर लें। पुलिस अधिकारियों के दावों को अगर सही माने तो पुलिस ने बदमाश चिन्हित कर लिये थे तथा उनका पता ठिकाना भी पुलिस को पता चल गया। पुलिस की चार टीमें भी वहां के लिए रवाना कर दी गयी। पहले यह सुना गया कि बदमाशों के गांव में शादी समारोह होने के कारण बदमाशों को पकडने मे मुश्किल सामने आ रही है। पुलिस के अनुसार ही बदमाश बवारिया गिरोह से तालुक रखते हैं और पुलिस की टीमें भी मुजफ्फरनगर के झिंझाना में डेरा डाले हुए है। अब सोचने वाली बात है कि क्या बावरिया गिरोह का शादी समारोह इतना लम्बा होता है कि अभी तक समारोह ही चल रहा है। जिसके कारण पुलिस बदमाशों को पकडने में दिक्कत आ रही है। अब चाहे जो भी हो लेकिन यह बात तो साबित हो गयी कि बदमाश पुलिस से चार कदम आगे चल रहे हैं और पुलिस वहीं अपने ढर्रे पर काम करती दिखायी दे रही है। एक बार फिर से यह बात दोहरा दें कि ना तो अब पुलिस के पास वह मुखबिर है और ना ही अब वह पुलिस अधिकारी है जोकि मुखबिरों को पालते थे। अब पुलिस सिर्फ और सिर्फ किस्मत के सहारे है कि बदमाश कब उनकी झोली में आकर गिरें और वह उनको पकडकर जनता के सामने पेश करें।

## कांग्रेस अध्यक्ष का फैसला चिंतन शिविर में

पिछले 20-25 साल में कांग्रेस के कई अधिवेशन और चिंतन शिविर हुए लेकिन उनमें क्या फैसला हुआ और क्या लागू हुआ यह कांग्रेस नेताओं को भी अंदाजा नहीं होगा। अब भी ले-देकर पचमढ़ी और शिमला अधिवेशन की चर्चा होती है। इसलिए यह उम्मीद करना बेमानी है कि मई में उदयपुर में होने वाले चिंतन शिविर में कांग्रेस कोई ऐतिहासिक फैसला करेगी और वहां से जीत की ओर प्रस्थान करेगी। वह भी रूटीन का एक सम्मेलन होगा, जैसा 2013 में जयपुर में हुआ था। लेकिन इस बार खास बात यह होगी कि इसमें कांग्रेस के नए अध्यक्ष का फैसला होगा। कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव अगस्त-सितंबर में होने वाला है। उससे ठीक पहले मई के मध्य में हो रहे चिंतन शिविर में कांग्रेस के नए अध्यक्ष के नाम पर विचार होगा। कोई वैचारिक लाइन तय करने या वैकल्पिक एजेंडा बनाने की बजाय कांग्रेस के नेताओं की ज्यादा दिलचस्पी नए अध्यक्ष का नाम तय कराने में है। बताया जा रहा है कि चिंतन शिविर की मेजबानी कर रहे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस लाइन पर काम कर रहे हैं। जानकार सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के चार सौ महत्वपूर्ण नेताओं की मौजूदगी में वे राहुल गांधी को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रख सकते हैं। ध्यान रहे वे पहले भी कांग्रेस कार्य समिति की बैठकों में यह बात कहते रहे हैं।

कांग्रेस के जानकार सूत्रों के मुताबिक चिंतन शिविर में राहुल गांधी के नाम पर सहमति बनाने का प्रयास होगा। अलग अलग राज्य कमेटियां भी उनके नाम का प्रस्ताव कर सकती हैं। यह भी कहा जा रहा है कि चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की ओर से दिए सुझावों पर भी इसमें चर्चा होगी। लेकिन वह चर्चा दिखावे की होगी क्योंकि कांग्रेस में यह तय कराने की कवायद चल रही है कि राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाया जाए, जबकि प्रशांत किशोर ने अपने तीन फॉर्मूलों में से किसी में भी राहुल को अध्यक्ष बनाने का सुझाव नहीं दिया था।

प्रशांत किशोर के सुझावों में पहला यह था कि सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष रहें, राहुल गांधी को संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाया जाए, प्रियंका गांधी वाड्रा संगठन महासचिव बनें और कांग्रेस छोड़ कर गए किसी सहयोगी नेता को यूपीए का अध्यक्ष बनाया जाए। दूसरा सुझाव था कि नेहरू-गांधी परिवार से बाहर का कोई अध्यक्ष बने, सोनिया यूपीए अध्यक्ष बनें, राहुल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष और प्रियंका संगठन महासचिव बनें। तीसरा प्रस्ताव प्रियंका गांधी वाड्रा को अध्यक्ष बनाने का था। जाहिर वे राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने के पक्ष में नहीं थे। लेकिन उनके सुझावों के उलट कांग्रेस हर हाल में राहुल को अध्यक्ष बनाने पर अड़ी है। इस पर चिंतन शिविर में मुहर लग सकती है। (आरएनएस)

## तीसरा मोर्चा भी लड़ेगा राष्ट्रपति चुनाव

जुलाई में राष्ट्रपति का चुनाव होना है और माना जा रहा है कि जून में इसकी प्रक्रिया शुरू होगी। इस मामले में अभी तक किसी पार्टी ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। भाजपा किसको उम्मीदवार बनाएगी और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए की ओर से कौन दावेदार होगा, इसका फैसला नहीं हुआ है। लेकिन उससे पहले खबर है कि एक तीसरा मोर्चा भी बन रहा है, जिसकी ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार दिया जाएगा। वैसे देश की राजनीति में भाजपा को टक्कर देने के लिए भी एक तीसरा मोर्चा बनाने की कवायद चल रही है लेकिन अभी तक उसकी रूपरेखा तय नहीं हुई है। तभी सवाल है कि क्या राष्ट्रपति चुनाव के नाम पर ही तीसरे मोर्चे की कोई रूपरेखा बनेगी?

बताया जा रहा है कि कांग्रेस से नाराज अखिलेश यादव इसकी पहल कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गैर कांग्रेस और गैर भाजपा उम्मीदवार उतारने की कवायद में लगे हैं। अगर वे पहल करते हैं तो इस समय कांग्रेस से नाराज चल रहे नेताओं का एक बड़ा समूह खड़ा कर सकते हैं। ध्यान रहे समाजवादी पार्टी यूपी में मुख्य विपक्षी है और बिहार में राष्ट्रीय जनता दल भी मुख्य विपक्षी पार्टी है। दोनों पार्टियों के प्रमुख रिश्तेदार भी हैं और बिहार में भी राजद से कांग्रेस का तालमेल खत्म है।

सो, संभव है कि तीसरे मोर्चे की बुनियाद समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल की ओर से पड़े। अगर प्रशांत किशोर से किसी तरह से इनका संपर्क होता है तो वे अपनी कई क्लायंट पार्टियों को इसमें जोड़ सकते हैं। कांग्रेस से नाराज ममता बनर्जी और के चंद्रशेखर राव इसका हिस्सा बन सकते हैं। हालांकि सपा और राजद दोनों की एक पसंद वामपंथी पार्टियां हैं। लेकिन अगर सीपीएम, सीपीआई से बात होती है तो ममता बनर्जी साथ नहीं आएंगी। बहरहाल, यह एक शुरुआत है। अगर यह बात आगे बढ़ती है तो एक बड़ा मोर्चा बन सकता है और फिर कांग्रेस व इस मोर्चे के उम्मीदवार के बीच नंबर दो का मुकाबला होगा।(आरएनएस)


### वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# पाएं सुकोमल बाहें, कोहनियां



लो आ गये गर्मियों का मौसम। इस सीजन में चाहे महिला हो या पुरूष सभी को अपनी स्किन की देखभाल के लिए न जाने क्या-क्या नस्खे आजमाते हैं। खूबसूरत त्वचा की चाहत हर महिला युवती और लडकों की होती है, हाथ, बाहें और कोहनियां भी नारी के सौंदर्य में इजाफा करते हैं यदि ये अंग भद्दे, काले या खुरदरे हों तो सुन्दरता में फीकापन नजर आने लगता है, कारण रोज की भागदौड, तनाव, धूप, प्रदूषण आदि कारण होते हैं, ?सी अवस्था में हाथों, बांहों और कोहनियो को भी सुन्दर, आकर्षक तथा सुकोमल बनाने के लिए उचित उपाय करने चाहिए। इससे आपके चेहरे का सौंदर्य एवं आकर्षण कई गुना अधिक बढ जाता है।

मुलायम, आकर्षक तथा नाजुक हाथ किसे अच्छे नहीं लगते। हाथ आपके व्यक्तित्व, आदतों और उम्र की चुगली कर देते हैं। सुंदर हाथ नारी के सुंदर व्यक्तित्व का आईना हैं। जिस नारी के हाथ जितने सुंदर और नाजुक होंगे, उसका व्यक्तित्व उतना ही आकर्षक होगा।

रात को सोते समय हाथों को गुनगुने पानी में थोडी देर तक डुबोए रखें। इससे थके हुए हाथों को आराम मिलता हैं।

तेज धूप में निकलने पर हाथों पर हैंड लोशन, सनस्क्रीन लोशन या क्रीम जरूर लगा लें।

रात को सोते समय एक चम्मच मलाई में दो-तीन बूंद नींबू का रस तथा दो-तीन बूंद ग्लिसरीन मिलाकर हाथ व कोहिन पर ठीक से लगाएं। इससे आपकी त्वचा साफ और सुंदर होती है।

आधा नींबू काट लें। उस पर एक चम्मच चीनी रखकर हाथों की त्वचा परतब तक रगडें, जब तक चीनी पूरी तरह घुल ना जाए। इस उपचार से हाथों का खुरदरापन, कालापन तथा झुर्रियां दूर होती हैं।

बांहो की खूबसूरती बनाए रखने के लिए नियमित रूप से देखभाल, व्यायाम, मालिश तथा उबटन का प्रयोग करें।

यदि आपकी बाहें अधिक बेडौल, मोटी और थुलथुल हों तो बैडमिंटन या टेनिस खेलें या स्विमिंग करें। इसके अलावा बांहों के लिए विशेष व्यायाम करें।

बांहों पर अधिक एवं वजनदार आभूषण ना पहनें। इससे बाहें बेडौल तथा अनाकर्षक हो जाती है।

घर का काम करते समय, विशेष रूप से बर्तनों की सफाई तथा कपडों की धुलाई के समय दस्तानों का प्रयोग करें।

हाथों को अधिक समय तक गीला ना रखें। इससे हाथों की त्वचा शुष्क एवं खूरदरी हो जाती है।

# ऋषि कपूर को याद कर भावुक हुई पत्नी नीतू और बेटी!

ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं है लेकिन उनके फैंस से लेकर उनके घरवाले तक उन्हें भुला नहीं पाए हैं। अब आज उनकी दूसरी पुण्यतिथि है। आप सभी को बता दें कि कैंसर से लंबी लड़ाई लडने के बाद उन्होंने आज ही के दिन साल 2020 में दुनिया को अलविदा कहा था। अब आज उनका परिवार उन्हें याद कर रहा है। ऋषि कपूर के निधन के दो साल बाद भी उनकी पत्नी नीतू कपूर उन्हें एक पल के लिए भुला नहीं पाई हैं। जी हाँ और उनकी बेटी और ज्वैलरी डिजाइनर रिद्धिमा कपूर साहनी कर फैंस को फिर भावुक कर दिया है। जी दरअसल उनकी पत्नी और दिग्गज एक्ट्रेस नीतू कपूर और बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी ने पापा को याद कर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। आप देख सकते हैं नीतू ने कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा की इंस्टाग्राम स्टोरी को अपनी स्टोरी पर शेयर किया। जी दरअसल शानू ने सिर्फएक ऋषि की एक तस्वीर पोस्ट की है। जी हाँ और उन्होंने च्ध्वापज् लिखकर अनंत की इमोजी शेयर की है।

वहीं नीतू ने इस तस्वीर को दिल और हाथ जोडने वाले इमोटिकॉन के साथ पोस्ट किया किया है। इसी के साथ उन्होंने डांस दिवाने जूनियर्स का एक प्रोमो शेयर किया है, जिसमें वह कह रही हैं कि रोज में किसी न किसी से मिलती हूं और कोई न कोई मुझे उनकी याद दिलाता है। दूसरी तरफ ऋषि कपूर की लाडली रिद्धिमा कपूर साहनी ने भी पापा को याद करते हुए अपने बचपन की एक तस्वीर को अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है। इसमें वह अपने पापा की गोद में नजर आ रही है। इस तस्वीर के साथ उन्होंने हार्ट इमोजी शेयर की है।

## शब्द सामर्थ्य -118

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्‌भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# अवार्ड नाईट में कियारा की ड्रेस ने दिया धोखा...

बॉलीवुड एक्ट्रेसेस अपने लुक्स को लेकर बहुत मेहनत करती हैं. रेड कार्पेट पर सबसे खूबसूरत दिखने के लिए हीरोइनों की पूरी टीम जी जान एक करके उन्हें तैयार कर रही है. लेकिन कई बार इस मेहनत पर तब पानी फिर जाता है जब अभिनेत्रियां की ड्रेस पब्लिक प्लेस में धोका दे चुकी है. ऐसा ही कुछ इस बार एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के साथ हो चुका है. कियारा के साथ हुए वार्डरोब मालफंक्शन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जो कि बहुत तेजी से वायरल होने लगा है.

कियारा का बोल्ड लुकरू कियारा आडवाणी का नाम बी टाउन की उन हसीनाओं की लिस्ट में गिनी जाती है और अपनी खूबसूरती और स्टाइल के दम पर फैंस के दिलों पर राज कर रही है. कियारा आडवाणी अपने लुक और फैशन स्टेटमेंट को लेकर बहुत एक्सपेरिमेंटल हैं. हाल ही में अभिनेत्री त्रक्त रेड कार्पेट पर नजर आई है. इस बीच के उनके लुक की काफी सारी फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ चुके है.

बार-बार संभाली खिसकती ड्रेसरू कियारा आडवाणी इस दौरान जहां बहुत ही खूबसूरत दिख रही है तो वहीं दूसरी ओर अभिनेत्री अपनी ड्रेस से जरा परेशान और अनकंफर्टेबल फील करती हुई नजर आई है. वीडियो में आप देख सकते हैं कि कियारा की ड्रेस में बहुत हाई स्लिट कट था जो बार बार खिसक रहा था, जिसे एक्ट्रेस बार-बार संभालती हुई नजर आ रही है. कियारा के एक्सप्रेशन से साफहै कि वो इस ड्रेस में बहुत असहज महसूस कर रही हैं. इतना ही नहीं वो पैपराजी को फोटोज ना क्लिक करने का इशारा भी कर रही हैं.

# बॉयफ्रेंड संग विवाह के बंधन में बंधी मैथिली

मलयालम अभिनेत्री मैथिली 28 अप्रैल, 2022 को अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड संपत संग विवाह के बंधन में बंध चुकी हैं। कपल की शादी गुरुवयूर मंदिर में संपन्न हुई, जहां से दोनों की वेडिंग फोटोज इंटरनेट पर खूब चर्चाओं में बनी हुई है।

फोटोज में देखा जा सकता मैथिली अपनी शादी में सुनहरी और व्हाइट साड़ी में बहुत खूबसूरत दिख रही है। इस लुक को अभिनेत्री ने ग्रीन चूड़ियों और साड़ी से मैचिंग ज्वेलरी के साथ पूरा कर रखा है। वहीं उनके दूल्हे भी ऑफव्हाइट शर्ट और धोती में परफेक्ट ग्रूम दिखाई दे रहे है। विवाह में कपल ने एक दूसरे को गुलाबी फूलों की वरमाला पहनाई, जिसमें उनकी खूबसूरती में चार-चांद लग गए। एक साथ पोज देता कपल बहुत प्यारा दिखाई दे रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ब्राइटी बालचंद्रन, जिसे मैथिली के नाम से पहचाना जाता है, मलयालम मूवी इंडस्ट्री में सबसे अधिक मांग वाली अभिनेत्री में से एक हैं। उन्होंने 2009 में सुपरहिट मूवी पलेरी माणिक्यमरू ओरु पथिरकोलापथकथिंते कथा से सुपरस्टार ममूटी के साथ एक्टिंग की शुरुआत कर दी थी। अपनी पहली मूवी के उपरांत मैथिली ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और लोगों का खूब दिल भी जीत लिया है।

# शिमरी क्रॉप टॉप में कंगना ने ढाया कहर

अभिनेत्री कंगना रनौत इन दिनों अपने रिएलिटी शो लॉक अप को लेकर खूब चर्चाओं में बना हुआ है। शो को होस्ट करने के साथ-साथ कंगना सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय रहती हैं और अपने लेटेस्ट लुक की फोटोज से इंटरनेट का तापमान बढ़ाने का काम कर रही है। हाल ही में एक बार फिर कंगना ने अपने हॉट लुक की फोटोज साझा की हैं और साथ ही लंबा-चौड़ा पोस्ट भी लिख दिया है।

लेटेस्ट फोटोशूट में कंगना का बवाल लुक देखनेके लिए मिलने लगा है। शिमरी क्रॉप टॉप के साथ रेड कोट-पैंट में अभिनेत्री बहुत किलर लग रही हैं। न्यूड मेकअप के साथ कर्ली ओपन हेयर्स उनके लुक को पूरा करने का काम कर रहे हैं। कैमरे के कातिलाना पोज देते हुए कंगना अपने लुक से फैंस पर जुल्म ढाती हुई दिखाई दे रही है।

# फैंस का इंतज़ार हुआ खत्म, रिलीज़ हुआ नया गाना

बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता विवेक आनंद ओबेरॉय और त्रिधा चौधरी ने हाल ही में अपने नए ओरिजिनल धोखेबाज़ की एक झलक दिखाकर प्रशंसकों के इंतज़ार को और भी ज्यादा बढ़ा दिया है। वहीं अब उनका यह नया वीडियो सॉन्ग रिलीज हो चुका है।

गाने में विवेक के अपोजिट त्रिधा चौधरी दिखाई दे रही है। गाने को अफ्साना ने गाया है तो वहीं जानी ने धोखेबाज़ का रचना और लेखन भी कर दिया है। बड़े पैमाने पर स्थापित और बी2गेदर पेशेवरों द्वारा पैनकेक के साथ फिल्माए जा चुका है, विवेक और त्रिधा को इस वीडियो में बहुत ही आकर्षक लेकिन सुरुचिपूर्ण अवतार में दिखाई दे रहे है, जो एक पुराने विश्व आकर्षण का अनुभव करते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह दोनों पहली बार एक साथ कार्य करने में लगे हुए है। एक्टर प्यार और नुकसान की कहानी को चित्रित करते हैं - एक विश्वासघाती रिश्ता जिसका गंभीर प्रभाव भी देखने के लिए मिलता है। अपने समृद्ध संगीत स्कोर, एक आकर्षक हुक-लाइन, प्रभावशाली गीत और नाटकीय संगीत वीडियो के साथ, धोखेबाज़ वह सॉन्ग है जिसे आप मिस नहीं करना चाह रहे हैं।

# कंगना संग काम कर खुशी से झूमे नवाजुद्दीन सिद्दीकी



बॉलीवुड में अपने अभिनय के लिए मशहूर नवाजुद्दीन सिद्दीकी इन दिनों अपनी नयी नयी फिल्मों के लिए चर्चाओं में बने हुए हैं। वह अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जाने जाते हैं और उनकी हर फिल्म को लोगों का प्यार मिलता है। अभिनेता की सोशल मीडिया पर लाखों फैन-फॉलोइंग है और हाल ही में नवाजुद्दीन की लेटेस्ट फिल्म हीरोपंती 2 सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म को ऑडियंस का जबरदस्त रिसपांस मिल रहा है और फिल्म में नवाजुद्दीन को खूब पसंद भी किया जा रहा है।

वहीं अब जल्द ही अभिनेता कंगना रनौत के डेब्यू प्रोडक्शन वेंचर टीकू वेड्स शेरू में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में एक्टर के साथ अवनीत कौर नजर आने वाली हैं। अब इन सभी के बीच नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने हाल ही में कंगना के साथ काम करने को लेकर अपने एक्सपीरियंस शेयर किया है। जी दरअसल नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्म में पहली बार अवनीत कौर के साथ इस साल फरवरी में पूरी की गई थी और फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर सीधे रिलीज होने जा रही है।

आप सभी को बता दें कि नवाजुद्दीन ने हाल ही में कंगना रनौत को बेस्ट प्रोड्यूसर में से एक बताया और उन अफवाहों का भी जवाब उन्होंने कहा कि, इंडस्ट्री में किसी के बारे में अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिए। आपको पता हो कंगना को लेकर कई तरह की अफवाहे उड़ती रहती हैं और कई लोग उन्हें खराब अदाकारा कहते हैं।

# भाई से तुलना होने पर खुश हो गई ईशा देओल



ईशा देओल एक बेहतरीन अदाकरा है और अपने काम से उन्होंने सभी का दिल जीता है। हालाँकि उन्ही अधिकतर फिल्में फ्लॉप रहीं है लेकिन उन्हें खूब पसंद किया जाता है। अब हाल ही में उन्हें उनके नए हेयर स्टाइल के लिए ट्रोल किया गया। जी हाँ लेकिन इस पर उन्होंने ट्रोलर को जमकर उत्तर दिया है और उसकी क्लास लगा दी। जी दरअसल बॉलीवुड के कई कलाकार अक्सर ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार होते हैं। आप सभी जानते ही होंगे लोग उन्हें कई कारणों से ट्रोल करते हैं। वहीँ कई बार कलाकार उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन कई लोग ट्रोलर को प्रतिक्रिया भी देते हैं।

अब हाल ही में ईशा देओल के साथ भी ऐसा हुआ है। जी दरअसल ईशा देओल को एक पैपराजी ने एक्शन सीन करने के बाद शूट किया था और इस दौरान वह काफी थकी हुई नजर आ रही थी। उसके बाद उनकी तस्वीर और वीडियो काफी वायरल हुई, हालांकि कई लोगों ने बॉबी देओल से उनकी तुलना करना शुरू कर दी और इसके बाद वह परेशान हो गई।

ऐसे में ट्रोल होने के बाद ईशा देओल ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है, मुंबई में मेरी आगामी फिल्म के एक्शन सीन की शूटिंग करने के बाद में मेरी वैनिटी वैन के पास जा रही थी। इस दौरान मेरी वीडियो बना ली गई। इसके बाद मैंने देखा, मेरे वीडियोस वायरल हो रहे हैं और मेरे लुक के लिए मुझे ट्रोल किया जा रहा है। मेरे बालों की बात करूं तो मैं एक्शन सीन करने के दौरान कठिन परिश्रम कर रही थी। इसके चलते मेरे बाल खराब हो गए थे और हां, अगर मैं मेरे भाई बॉबी देओल की तरह दिखती हूं, तो मैं आपके कॉम्प्लीमेंट के लिए बधाई देती हूं। काम के बारे में बात करें तो ईशा देओल आखिरी बार रुद्र द एज ऑफ डार्कनेस में नजर आई थीं।

# साउथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े संग जमेगी विक्की कौशल की जोड़ी



बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े और एक्टर विक्की कौशल को आप सभी एक साथ देखने वाले हैं। विक्की शादी के बाद से लगातार व्यस्त हैं और उन्हें एक के बाद एक कई फिल्मों में देखा जा रहा है। अब जल्द ही विक्की पूजा एक साथ नए प्रोजेक्ट में नजर आ सकते हैं। जी दरअसल फिल्म निर्माता अभय राहा के साथ विक्की और पूजा हेगड़े की एक फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई हैं।

इस समय ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों एक ऐड प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं और इसकी शूटिंग पिछले हफ्ते हुई है। वैसे अब तक पूजा हेगड़े कई विज्ञापन कर चुकी है और विक्की खुद इस लिस्ट में नहीं है। वह रश्मिका मंदना संग एड कर चुके हैं और पूजा के बारे में बात करें तो हाल ही में उन्होंने बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ एक ऐड किया।

वहीँ काम के बारे में बात करें तो उनके पास राम चरण की फिल्म आचार्य, सलमान खान की फिल्म कभी ईद कभी दीवाली, रणवीर सिंह की फिल्म सर्कस और महेश बाबू की एसएसएमबी28 जैसे शानदार प्रोजेक्ट है। वहीं दूसरी तरफविक्की के काम के बारे में बात करें तो उनके पास गोविंदा नाम मेरा, द ग्रेट इंडियन फैमिली और लक्ष्मण उटेकर की फिल्म, जिसका टाइटल अभी तय नहीं किया गया है। वैसे दोनों को एक साथ देखना मजेदार होने वाला है।

# हिटलर की नियति है बंकर में मौत

डॉ. सुधीर सक्सेना

आज से ऐन 77 साल पहले की बात है। इसी 3० अप्रैल की बारूद की गंध, रक्त और धूम में डूबी तथा लाल सेना के बूटों की धमक और धमाकों से गूंजती शाम बर्लिन में राइखचांसलरी गार्डेन के नीचे फ्यूहरर बंकर में ऐसे नवविवाहित युगल ने आत्महत्या की थी, जिन्हें शादी किये 48 घंटे भी नहीं बीते थे। पुरुष ने अपनी पिस्तौल से कनपटी में गोली मार ली थी और स्त्री ने साइनाइड कैप्सूल निगलकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली थी। पुरुष की उम्र 56 वर्ष थी, अलबत्ता स्त्री कमसिन थी, उसने फक़त तैंतिस वसंत देखे थे।

यह युगल सामान्य दंपत्ति न थे। पुरुष था जर्मनी का अधिनायक अडोल्फहिटलर और स्त्री थी उसकी प्रेमिका और परिणीता इवा ब्राउन। धमाके की आवाज सुन सुरक्षाकर्मी भागे-भागे आये। आननफानन शवों को ले जाकर गार्डेन में ही फूंक दिया गया। सोवियत सेना के हाथ कुछ न लगा। मृतक की शिनाख्त उसके दांत के टुकड़े से हुई। यह इतिहास के एक भयावह और लोमहर्षक अध्याय का अंत था... हिटलर दंपत्ति ने आत्मघात किया तो उनके समीप कोई न था, सिवाय तीन कुत्तों की गोलियों से बिंधी लोथों के। ये लाशें थीं अडोल्फके प्रिय जर्मन शेपर्ड नस्ल के कुत्ते ब्लांडी और इवा की पालित स्कॉट टेरियर जोड़ी नेगस और स्टासी की।

इस कहानी का आगाज हुआ था अप्रैल माह की ही तारीख को सन् 1889 में आस्ट्रिया से। पिता एलोइस मारिया अन्ना शिकलग्रूबर की नाजायज संतान थे। सन् 1837 को जनमे एलोइस ने मां का नाम वरा। मारिया ने सन 1842 में जॉन जार्ज हिडलर से शादी जरूर की, किन्तु एलोइस को कुल नाम मिला सन् 1876 में। वह भी वर्तनी में किंचित भिन्नता के साथ। वह हिडलर की जगह हिटलर कहलाए। इसका शाब्दिक अर्थ होता है मड़ैया में रहने वाला। अडोल्फएलोइस की तीसरी पत्नी क्लारा पोल्जी की छह संतानों में से चौथे थे। पिता से उनकी कभी नहीं निभी। वह परीक्षा में कम अंक लाते थे, ताकि पिता उन्हें मन चाहे रास्ते पर हांक न सकें। बहरहाल, मां-पिता का अडोल्फकी तरुणाई में देहांत हो गया। अडोल्फवियेना चले आए। उन्हें मजदूरी करनी पड़ी और पेंटिंग व जलरंग बेचकर दो जून की रोटी कमानी पड़ी। इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि उनके पुरखों में यहूदी रक्त था, लेकिन यह सही है कि वियेना में ही उनके मनस में उग्र राष्ट्रवाद और यहूदी विरोध के बीज पड़े।

कोई सोच भी नहीं सकता ता कि बालपने में गिरजाघर में भजन गाने में रुचि रखने वाला और तरुणाई में चित्रकार बनने का आकांक्षी अडोल्फ को वक्त क्रूर तानाशाह में बदल देगा। दो बार की कोशिश के बाद भी वियेना की एकेडमी ऑफ फाइन आर्ट्स में दाखिला नहीं मिला। बहरहाल, सन् 1913 में अडोल्फजर्मनी आ गये। प्रथम विश्वयुद्ध में सेना में सेवाएं दीं, तमगे बटोरे और सन् 1923 में विफल कू देता के कारण जेलखाने भेजे गये। एक साल में ही रिहा होकर उन्होंने अपने दौरों और तीखे भाषणों से धूम मचा दी। उनकी राजनीति की तीन धुरियां थीं रू पैन-जर्मनिज्म, एंटी सेमीटिज्म और एंटी कम्युनिज्म। जर्मनों की श्रेष्ठता का दंभ सिर चढ़कर बोल रहा था। च्मेन कांफ्च् आ चुकी थी। वर्सेल्स की अपमानजनक संधि जर्मनों को सालती थी। अडोल्फने तेजी से सीढ़ियां फलांगी। उनकी नाजी पार्टी सत्ता में आई। सन् 1933 में वह चांसलर बने और सन् 34 में फ्यूहरर। इवा अन्ना पाउला ब्राउन सन् 1929 में पहली दफा अडोल्फसे मिलीं। जल्द ही वे प्रेम की पींगे भरने लगें। इवा प्रेम की कसौटी पर खरी उतरी।

सन् 1939 से 1945 के मध्य द्वितीय विश्वयुद्ध इतिहास का ज्ञात अध्याय है। हिंसा और नफरत ने उसकी जहनियत को वहशियत में बदल दिया। विश्व विजय की उसकी महत्वाकांक्षा की पूर्ति के अभियान में सोवियत रूस पर आक्रमण उसकी हिमालयी भूल सिद्ध हुआ। उशका सबसे बड़ा अमानुषिक कृत्य था करीब 6० लाख यहूदियों का कत्लेआम। भयावह होलोकास्ट के कारण इतिहास ने उसे चंगेज और तैमूर की पंक्ति में खड़ा कर दिया। उसकी सनक ने 19.3 मिलियन नागरिकों और युद्धबंदियों की जान ले ली। योरोप में युद्ध ने 28.3 मिलियन लोगों को लील लिया। पोलैंड में आखविट्ज ने उसका वह चेहरा उजागर किया, जो क्रूर, स्याह और अमानवीय था। यातना-शिविरों ने यातना के नये-नये तरीके ईजाद किये। इसकी बानगी मूल डच में लिखी गई यहूदी लड़की एनी फ्रैंक (1929-1945) की च्द डायरी ऑफए यंग गर्लज्, जिसका विश्व की 7० भाषाओं में आनुवाद हुआ है, से मिलती है।

हिटलर इतिहास का ऐसा पन्ना है, जो दुनिया में नव-नाजीवाद की शक्ल में अभी भी फड़फड़ा रहा है। बहरहाल, अंधेरे बंकर में मौत हर हिटलर की नियति है।

# भारत की ये सच्चाई

संभव है कि सच इससे भी कहीं ज्यादा संगीन हो। फिर ये उस राज्य की कहानी है, जिसे भारत में अपेक्षाकृत समृद्ध माना जाता है। अगर वहां यह सूरत है, तो फिर पिछड़े और गरीब राज्यों में क्या हालत होगी, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। मगर ये साफहै कि हमारे समाज की असल सच्चाई यही है।

महाराष्ट्र सरकार ने माना है कि राज्य में पिछले तीन सालों में कुपोषण से 6,852 बच्चों की मौत हो गई। जाहिर है, ये सरकारी आंकड़े हैं। यानी संभव है कि सच इससे भी कहीं ज्यादा संगीन हो। फिर ये उस राज्य की कहानी है, जिसे भारत में अपेक्षाकृत समृद्ध माना जाता है। अगर वहां यह सूरत है, तो फिर पिछड़े और गरीब राज्यों में क्या हालत होगी, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। भारत के विश्व गुरु या महाशक्ति बनने की कहानी इन दिनों बहुत लोकप्रिय है। मगर समाज की असल सच्चाई यह है। अगर बच्चों को पूरा पोषण नहीं मिलता हो, तो फिर समाज कितना समृद्ध और विकसित है, वह अपने-आप जाहिर हो जाता है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश पर एक समिति बनाई थी। उसकी रिपोर्ट में ये आंकड़े सामने आए हैं। अदालत ने मार्च में जिला कलेक्टरों और जिला मजिस्ट्रेटों को सर्वे कर राज्य में ऐसे इलाकों को चिह्नित करने का आदेश दिया था, जहां आज भी बाल विवाह कराए जाते हैं। 2०19 से लेकर 2०22 तक राज्य के 16 आदिवासी जिलों में सर्वे कर इन आंकड़ों को इक-ा किया गया। सर्वे आंगनवाड़ी सेविकाओं और आशा सेविकाओं ने किए। रिपोर्ट में जो हकीकत सामने आई है वो दिखाती है कि बाल विवाह और कुपोषण जैसी समस्याएं आज भी भारत में विकराल रूप में मौजूद हैं।

राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि राज्य में बाल विवाह और कुपोषण के आंकड़ों का पता लगाने के लिए पहले कुपोषित बच्चों की जानकारी इक-ा की गई और फिर उनके माता पिता का पता लगाया गया। उद्देश्य यह पता लगाना था कि कितनी माएं नाबालिग यानी 18 साल से कम उम्र की थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले तीन सालों में कुल 1,33,863 आदिवासी परिवारों में 15,253 बाल विवाह हुए हैं। सर्वे में 1.36 लाख से भी ज्यादा बच्चे कुपोषित पाए गए, जिनमें से 14,००० से भी ज्यादा बच्चों की माताएं नाबालिग थीं। इन 1.36 लाख बच्चों में से कुल 26,०59 बच्चे कुपोषण से बुरी तरह से प्रभावित पाए गए, जिनमें से 3,००० की माताएं नाबालिग थीं। अदालत ने इतनी बड़ी संख्या में हो रहे बाल विवाह के मामलों पर गहरी चिंता जताई और उचित ही इन आंकड़ों को च्दिमाग चकरा देने वालाज् बताया। लेकिन सवाल यह है कि इन आंकड़ों से सरकारें कितनी संवेदनशील होंगी? आखिर समाज को नेतृत्व देने की जिम्मेदारी उन पर ही है।(आरएनएस)

## सू- दोकू क्र. 118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# सब ठीक है का संदेश!

श्रम बाजार की बात होती है, तो उसमें ऐसे कार्यों का कोई महत्त्व नहीं होता, जिनसे लोगों को एक निश्चित आमदनी नहीं होती हो। ऐसे कितने लोग होंगे, जो स्वेच्छा से ऐसी स्वंयसेवा कर रहे होंगे? आठ साल पहले कामकाजी उम्र की महिलाओं का 21 फीसदी श्रम बाजार में था। अब ये संख्या 9 प्रतिशत रह गई है।

गनीमत है कि रोजगार बाजार के बारे में ताजा आंकड़ों की सच्चाई को सरकार ने चुनौती नहीं दी है। लेकिन उसने उन आंकड़ों की अलग व्याख्या जरूर पेश कर दी है। आंकड़ें यह हैं कि भारत की कुल कामकाजी आबादी का 6० फीसदी से अधिक हिस्सा श्रम से बाहर हो गया है। यानी ये वो लोग हैं, जो रोजगार नहीं ढूंढ रहे हैं। स्पष्टतरू इनमें बहुत बड़ा हिस्सा उन लोगों का है, जिन्हें अपनी योग्यता या जरूरत के मुताबिक काम मिलने की उम्मीद नहीं रही। तो हताश होकर उन्होंने अपने को इस बाजार से बाहर कर लिया। जब नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आई थी, तब कामकाजी आबादी (18 से 6० वर्ष) का 46 फीसदी हिस्सा श्रम बाजार में शामिल था। अब यह संख्या लगभग 39.5 प्रतिशत है। ये आंकड़े सेंटर फॉर मोनिटरिंग ऑफ इंडियन इकॉनमी (सीएमआई) ने जारी किए हैं। चूंकि सरकार ने सावधिक रोजगार-बेरोजगारी का सर्वे बंद कर रखा है, इसलिए इस बारे में जानने का एकमात्र स्रोत सीएमआईई के सर्वे रह गए हैं।

इस संस्था के ताजा आंकड़ों पर चर्चा तेज हुई तो केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने उस पर अपना जवाब जारी किया। उसमें कहा गया-च्यह गौर करना महत्त्वपूर्ण है कि कामकाजी उम्र वाले सभी संभव है कि काम ना कर रहे हों या काम की तलाश में ना हों। लेकिन इन समूह का एक बड़ा हिस्सा शिक्षा ग्रहण कर रहा है या हो सकता है कि वह ऐसा काम कर रहा हो, जिसमें वेतन का भुगतान नहीं होता। हो सकता है कि एक बड़ा हिस्सा घरेलू कामकाज में शामिल हो, जिसमें भी वेतन नहीं मिलता।ज् इनमें शिक्षा की बात तो ठीक है। लेकिन जब श्रम बाजार की बात होती है, तो उसमें ऐसे कार्यों का कोई महत्त्व नहीं होता, जिनसे लोगों को एक निश्चित आमदनी नहीं होती हो। आखिर ऐसे कितने लोग होंगे, जो स्वेच्छा से ऐसी स्वंयसेवा कर रहे होंगे? सीएमआईई ने बताया है कि आठ साल पहले कामकाजी उम्र की महिलाओं का 21 फीसदी श्रम बाजार में था। अब ये संख्या 9 प्रतिशत रह गई है। जाहिर है, इनमें सेज्यादातर महिलाएं घेरलू कार्यों में लगी होंगी। लेकिन क्या ये स्वस्थ स्थिति है और ऐसा उन्होंने स्वेच्छा से किया है? या ऐसा श्रम बाजार की स्थितियां बिगड़ने की वजह से हुआ है? कामकाजी आबादी के इतने बड़े हिस्से के उत्पादक काम ना करने से अर्थव्यवस्था को जो नुकसान होता है, क्या सरकार ने उसका आकलन किया है?(आरएनएस)

# एक्सीडेंट के बाद मलाइका ने शेयर की तस्वीर, माथे पर दिखे निशान

बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा 2 अप्रैल को एक्सीडेंट हुआ था। इसके बाद एक्ट्रेस को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

अब एक्ट्रेस बिल्कुल ठीक और काम पर वापस आ चुकी है। अभिनेत्री ने एक्सीडेंट के बुरे अनुभव को सोशल मीडिया पर साझा भी किया था। अब मलाइका ने एक फोटोज साझा की है, इसमें अभिनेत्री को एक्सीडेंट के दौरान लगी चोट साफदिखाई दे रही है।

तस्वीर में मलाइका कार में बैठी हुई दिखाई दे रही है। अभिनेत्री ने को खुला छोड़ा हुआ है और काला चश्मा पहना हुआ है। एक्ट्रेस जूस पीती हुई नजर आ रही है। अभिनेत्री के माथे पर आइब्रो के मध्य लगी चोट का निशान साफदिखाई आ रहा है। फैंस इस फोटोज को खूब पसंद कर रहे हैं और मलाइका को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

खबरों की माने तो 2 अप्रैल को महाराष्ट्र के खोपोली में एक्सप्रेस-वे पर मलाइका का बुरी तरह से एक्सीडेंट हुआ था। एक्सप्रेस-वे पर तीन गाडियां टकरा गई थीं और मलाइका की गाड़ी बीच में फस गई थी। एक्सीडेंट के उपरांत एक्ट्रेस आनन-फानन अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# टी-20 मैच में सट्टा लगाने वाला एक सटोरिया गिरफ्तार, एक फरार



उधमसिंहनगर (हसं)। टी-20 क्रिकेट मैच में सट्टा लगाने वाले एक सटोरिये को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से हजारों की नगदी व दो मोबाइल फोन बरामद किये गये है। सटोरियें का एक साथी फरार होने में सफल रहा जिसकी तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार कल देर शाम एसओजी उधमसिंहनगर को सूचना मिली कि ट्रांजिट कैंप के ठाकुर नगर खेड़ा क्षेत्र में कुछ लोग टी-20 क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसओजी द्वारा किशोर मण्डल पुत्र सत्य रंजन मण्डल निवासी ठाकुरनगर संजय नगर खेड़ा थाना ट्रांजिट कैम्प के घर के पास चेन्नई सुपर किंग और बैंगलौर के टी-20 क्रिकेट मैच में सट्टा लगवाने वाले एक व्यक्ति गोपाल राय पुत्र मनोहर राय निवासी न्यूरिया कालोनी थाना हुसैनपुर जिला पीलीभीत को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके कब्जे से सट्टे से सम्बन्धित 2 मोबाइल फोन, एक बाइक व 15 हजार की नगदी बरामद हुई। बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान मची अफरा तफरी का फायदा उठाते हुए मुख्य आरोपी किशोर मण्डल मौके से भागने में सफल हुआ। जिसकी तलाश की जा रही है। मौके पर पकड़े गये सटोरिये गोपाल से जब पूछताछ की गयी तो पता चला कि वह अपने जीजा किशोर मण्डल के साथ मिलकर मैच में आंन लाईन सट्टे का कारोबार करता है। दोनों आगे सट्टा जगतपुरा आवास विकास ट्रांजिट कैम्प निवासी कमालुद्दीन व उसके भतीजे जलालुद्दीन को देते हैं। बहरहाल एसओजी ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

❑हजारों की नगदी व दो मोबाइल फोन बरामद

# बिजली घर हटाकर पुल बनाने की मांग

संवाददाता



हरिद्वार। पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति के अध्यक्ष संजय चोपडा व राजेश खुराना ने 15 नम्बर बिजली घर के प्रांगण में प्रदर्शन कर सरकार से बिजली घर हटाकर पुल निर्माण की मांग की।

आज यहां पुरानी सब्जी मंडी, मोती बाजार, कुशा घाट मार्ग के वरिष्ठ व्यापारियों ने पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष संजय चोपड़ा, व्यापारी नेता राजेश खुराना के संयुक्त संयोजन में 15 नंबर बिजली घर के प्रांगण में जोरदार प्रदर्शन के साथ उत्तराखंड सरकार से 15 नंबर बिजली घर हटाकर पुल बनाए जाने की मांग को दोहराया। कुशा घाट मार्ग, पुरानी सब्जी मंडी चौक के व्यापारी लंबे समय से श्रवणनाथ लाइब्रेरी के समीप पुराने 15 नंबर बिजली घर के स्थान से रोड़ी बेलवाला से सीधा मार्ग जोड़े जाने की मांग कुंभ मेले 2021 के विकास कार्यों में किए जाने की मांग उठाती चले आ रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष व्यापारी नेता संजय चोपड़ा ने कहा कुंभ मेला 2021 के दौरान मेला प्रशासन से स्थानीय व्यापारी 15 नंबर बिजली घर को हटाकर गंगा पर पुल बनाए जाने की मांग करते चले आ रहे हैं और पूर्व में कुंभ मेला प्रशासन द्वारा आश्वासित किया गया था, उत्तराखंड शासन - प्रशासन को नए स्थाई पुल बनाने संबंधित प्रस्ताव भेजा जा चुका है लेकिन काफी समय बीत जाने के उपरांत अब तक सेतु निगम द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई ना किया जाने से स्थानीय व्यापारी मायूस है। उन्होंने कहा श्रवणनाथ बाजार का पुल बनाए जाने की मांग को लेकर शीघ्र ही स्थानीय व्यापार मंडलों के गठजोड़ कर संघर्ष समिति का गठन कर चरणबद्ध तरीके से पुन: पत्राचार कर आंदोलन किए जाएंगे।

# मोबाइल लूट में दो गिरफ्तार, भेजा जेल




हमारे संवाददाता

हरिद्वार। मोबाइल लूट मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो लुटेरों को लूटे गए मोबाइल व लूट में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीती रोज अंजुम पुत्री ताहिर निवासी झबरेड़ा हाल महादेवपुरम हरिद्वार द्वारा थाना सिडकुल में तहरीर देकर बताया गया कि बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा डेंसो चौक पर उसका मोबाइल लूट लिया गया है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी गई। लुटेरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आज सुबह एक सूचना के तहत टिन मार्केट रावली महदूद के पास से निशू वर्मा पुत्र सुभाष वर्मा निवासी मेरठ हाल आदर्श कॉलोनी व कार्तिक चौहान पुत्र तेजपाल निवासी मुजफ्फरनगर को लूटे गए मोबाइल सहित गिरफ्तार कर लिया गया। जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

# कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

देहरादून (सं)। कार की टक्कर से स्कूटी सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसको मैक्स में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय कालोनी इन्दर रोड निवासी गनेश पण्डित ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पुत्र अनिल कुमार प्रजापति तीन मई को अपनी स्कूटी को स्वयं चलाकर देहरादून से मसूरी जा रहा था समय लगभग पौने दो बजे दिन जब उसका पुत्र डीआईटी से मसूरी की ओर पेट्रोल पम्प से थोडा आगे पहुंचा तो मसूरी की ओर आ रही कार के चालक द्वारा कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर गलत दिशा में कार को लाकर उसके पुत्र की स्कूटी में साईट से टक्कर मार दी, जिसमें उसके पुत्र के सिर, माथा दाया हाथ पीठ में गंभीर चोटे आये एव दाहिने कुल्हे में अति गंभीर चोट फ्रेक्चर हुए है जो प्रारम्भ में ही मसूरी रोड मैक्स हास्पिटल में चिकित्सारत है स्थिति चिन्ताजनक बनी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 63 मकान मालिकों पर कार्यवाही कर 5 लाख 81 हजार रुपये का चालान किया

देहरादून (सं)। पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाकर 63 मकान मालिकों पर कार्यवाही करते हुए 5 लाख 81 हजार 250 रूपये का जुर्माना किया।

आज यहां पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशानुसार तथा क्षेत्राधिकारी डालनवाला के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक डालनवाला के नेतृत्व में कोतवाली क्षेत्र में बिना पुलिस सत्यापन के थाना क्षेत्र में रह रहे व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए थे। कोतवाली डालनवाला व थाना राजपुर के पुलिस बल के सहयोग से कोतवाली डालनवाला क्षेत्रान्तर्गत इन्दर रोड, चन्दर रोड, नई बस्ती व संजय कालोनी में सत्यापन की कार्यवाही की गयी जिसमें बिना सत्यापन कराये किरायेदार रखने पर पुलिस टीम द्वारा 310 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया जिसमें 63 व्यक्तियों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा पुलिस अधिनियम में कार्यवाही कर कुल 5,81,250 रुपये का जुर्माना किया गया।

# जलापूर्ति ठीक कराने की मांग, अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

नगर संवाददाता



देहरादून। महानगर कांग्रेस देहरादून अध्यक्ष लाल चंद शर्मा के नेतृत्व में आज महानगर महासचिव अरुण कुमार शर्मा व वेदांत पुरम आवासीय जन कल्याण समिति की अध्यक्ष मंजुला तोमर, मुकेश, कमलेश बर्थवाल, मनीष चात्रा ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान देहरादून मोनिका वर्मा को एक ज्ञापन प्रेषित कर वेदांतपुरम विश्वनाथ पुरम कॉलोनी में पानी की व्यवस्था ठीक कराने का आग्रह किया।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होने कहा है कि उपरोक्त दोनों स्थानों पर विगत एक वर्ष से पानी के टैंकरों के द्वारा जलापूर्ति की जा रही है। उन्होने मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इन दोनों क्षेत्रों में पानी की पाइप लाइन बिछाने की समुचित व्यवस्था कर जनता को हो रही जल समस्या का निदान किया जाए।

महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने आनंद विहार बल्लूपुर में सिविर व्यवस्था ठीक करने,ओमकार रोड पर कई दिनों से गंदा पानी पाईप लाईन में आने, देहरादून नगर के विभिन्न स्थानों पर पानी के लो प्रेशर व नगर निगम देहरादून में नए जुड़े क्षेत्रों में भी साफ पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने का आग्रह किया।



## एक नजर

# जोधपुर में कर्फ्यू को 6 मई तक के लिए बढ़ाया गया, अब तक 140 गिरफ्तार

जोधपुर। जोधपुर में सांप्रदायिक तनाव के चलते कर्फ्यू को ६ मई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। पुलिस कमिश्नर ने जोधपुर में तनाव को देखते हुए कर्फ्यू को ६ मई तक बढ़ाने का निर्देश दिया है। रायकाबाग पैलेस बस स्टैंड और रायकाबाग रेलवे स्टेशन को कर्फ्यू क्षेत्र से बाहर रखा गया है। साथ ही छात्र और शिक्षक जो परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं उन्हें भी कर्फ्यू में छूट दी गई है। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोग, बैंक कर्मचारी, न्यायिक अधिकारी, मीडिया के लोगों को कर्फ्यू में छूट दी गई है। इसके अलावा अखबार बांटने



वालों को भी छूट दी गई है। जिले में इंटरनेट सेवा को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। जोधपुर के डीएम हिमांशु गुप्ता ने कहा कि शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति का आंकलन करने के बाद इंटरनेट की सेवा को फिर से बहाल करने पर फैसला लिया जाएगा। फिलहाल शहर में स्थिति नियंत्रण में हैं, माहौल शांतिपूर्ण है। हिंसा में शामिल १४० लोगों को अभी तक गिरफ्तार किया जा चुका है। ईद के दिन हुई हिंसा मामले में कुल १४ केस दर्ज किए गए हैं।

# बीएसएफ ने ढूंढी कश्मीर में आतंकियों की बनायी सुरंग

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर में भारतीय सुरक्षाबलों को एक सुरंग मिली है। इस सुरंग को आतंकियों ने खोदा। इसी इलाके में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को कई प्रतिबंधित चीजें मिली हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि, सुरंग के जरिए पाकिस्तानी घुसपैठिए साजिश रच रहे थे। सीमा सुरक्षा बल की ओर से बयान आया है, जिसमें कहा गया है कि, सुरंग की लंबाई पाकिस्तान की ओर ज्यादा है। वहां इसे लगभग १५० मीटर तक खोदा गया। देखिए इस सुरंग की तस्वीरें। बीएसएफ ने कहा, इस सुरंग का पता



लगाने के साथ भारतीय जवानों आगामी अमरनाथजी की यात्रा को बाधित करने के लिए पाकिस्तानी आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को विफल कर दिया है। बीएसएफ के अधिकारियों के मुताबिक, मौके से २१ रेत के बोरे भी बरामद हुए हैं, जिनका उपयोग सुरंग के निकास को मजबूत करने के लिए किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि, डेढ़ साल से भी कम समय में पता चली यह ५वीं सुरंग है।

# बदमाशों ने की युवक की गोली मार कर हत्या

समस्तीपुर। जिले में अपराधियों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धुरलख गांव के पास का है, जहां बुधवार की रात बेखौफ अपराधियों ने पूर्व जिला पार्षद सदस्य के पति और प्रॉपर्टी डीलर शिव शंकर राय को गोली मारकर जख्मी कर दिया। वहीं, बंगरा थाना के चांदनी चौक के पास अपराधियों ने एक अज्ञात युवक की गोली मार कर हत्या कर दी। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी उम्र २२ से २५ वर्ष बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने गुरुवार की सुबह शव



मिलने की जानकारी स्थानीय थाना की पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। मृतक के शव के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना की सूचना पर पहुंचे बंगरा थाना के एएसआई का कहना था कि युवक की मौत गोली लगने से नहीं हुई है। शव के पास एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। इधर, प्रॉपर्टी डीलर सह पूर्व जिला परिषद सदस्य रिंकू देवी के पति शिव शंकर राय की हालत भी गंभीर बनी हुई है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए शहर के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। बता दें कि शिव शंकर राय बुधवार की रात को अपने घर के बाहर मोबाइल पर किसी से बात करते हुए घूम रहे थे। इसी दौरान पहुंचे बाइक सवार बदमाशों ने उनपर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी थी।

# बाबा की डोली पहुंची धाम

विशेष संवाददाता

उत्तरकाशी। दो मई को अपने शीतकालीन प्रवास स्थल उखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर से रवाना होकर बाबा केदारनाथ की चल विग्रह डोली आज शाम धाम पहुंच गई। कल के शुभ मुहूर्त पर सुबह 6.25 पर केदारनाथ मंदिर के कपाट खोले जाएंगे, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी धाम पहुंच चुके हैं तथा बाबा के धाम की अवर्णीय पुष्प सज्जा की गई है।

बीते कल शाम बाबा केदार की चल विग्रह डोली अपने अंतिम पड़ाव गौरीकुंड पहुंच गई थी, जहां से आज सुबह भक्तों की भारी भीड़ के बीच सेना के बैंड की धुन और जयकारों की गूंज के साथ बाबा केदार की डोली केदारपुरी पहुंची। इस अवसर पर केदारपुरी पहुंचे श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। कल सुबह 6.25



## ❑कल सुबह 6.25 पर खुलेंगे मंदिर के कपाट ❑श्रद्धालुओं में देखा गया भारी उत्साह

बजे केदारधाम मंदिर के कपाट विधि विधान के साथ खोले जाएंगे, और आगामी 6 माह बाबा यही विराजमान रहकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे।

बारह ज्योतिर्लिंग में से एक केदारधाम की इस अवसर पर भव्य सजावट की गई है। 10 कुन्तल फूलों से मंदिर को सजाया गया है। बीते कल यहां हुई हल्की बर्फबारी से धाम का नजारा और भी मनमोहक हो गया है आज सुबह गौरीकुंड से जब बाबा की चल विग्रह डोली रवाना हुई तो उसके आगे मराठा रेजीमेंट का बैंड धुनें बजा रहा था तथा डोली के पीछे बड़ी संख्या में चल रहे श्रद्धालु बाबा के जयकारे लगा रहे थे। इससे पूर्व बड़ासू-सरेसी, रामपुर-सीतापुर व सोनप्रयाग होती हुई बाबा की डोली कल गौरीकुंड पहुंची थी। जहां पंच केदार सांस्कृतिक मंच द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया था।

उल्लेखनीय है कि बीते दो सालों में कोरोना के कारण चारधाम यात्रा बाधित रही थी। दो साल बाद शुरू हो रही यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। 3 मई को गंगोत्री धाम व यमुनोत्री धाम के कपाट खुल चुके हैं कल केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलेंगे और 8 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट भी खुल जाएंगें।

## हिन्दू युवा वाहिनी के अध्यक्ष के अपहरण का प्रयास, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष के साथ मारपीट कर उनका अपहरण किये जाने के मामले में पुलिस ने एक को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैल रोड निवासी ललित शर्मा प्रदेश ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह हिन्दु युवा वाहिनी का प्रदेश अध्यक्ष है। आज दोपहर लगभग डेढ बजे अपने घर जा रहा था तभी मेरे घर के बाहर तीन चार मुस्लिम लडके जो कि पहले से साजिश के तहत वहाँ पर मौजूद थे। उन्होने मेरे ऊपर हमला कर दिया और खिडकी से मुझे बाहर खीचने लगे और कहने लगे इसे अपनी गाडी मे डालो आज इसे सबक सिखाते है आज इसका जय श्री राम निकालेगे और इस पर उसने अपनी गाडी के शीशे तुरन्त बन्द दिये व अपनी जान बचा कर भाग निकला। यह लोग मेरा अपहरण कर मेरी हत्या करने का प्रयास मे थे। वह चार पाँच लडके थे जिसमे एक लडके का नाम समीर था बाकि के नाम वह नही जानता लेकिन सामने आने पर पहचान सकता हूँ। उसको व उसके परिवार के लोगो पर इन लोगो से खतरा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## दिल्ली पुलिस का सिपाही...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

चलाते हैं। हम लोगों को यह पता चला कि चारधाम यात्रा चलने वाली है, जिसमें भारी संख्या में यात्री आते हैं। अत: हम लोग रुद्रप्रयाग तक गए थे, जहां से हमने वापसी के दौरान कई जगह नकली चलाए थे। अब हमारी योजना जाली नोटों की बड़ी खेप लेकर उसको यहां चारधाम यात्रा मार्गों पर चलाने की थी। बहरहाल पुलिस ने उन्हे सम्बन्धित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# बलात्कार के मुकदमें का डर दिखाकर ठगे 12 लाख

## ❑नौकरानी व उसके साथियों पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। बलात्कार के मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर नौकरानी व प्रोवाइड कम्पनी के संचालक सहित सात लोगों पर 12 लाख रूपये ठगने का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्जन रोड निवासी अमरजीत सेठी ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह एक 70 वर्षीय वृद्ध बीमार व्यक्ति है तथा उसकी पत्नी भी बीमारियों से ग्रसित होने के कारण घरेलू कार्य करने में असमर्थ है, जिसके चलते घरेलू कार्य में सहयोग हेतु उनकों नौकरानी की आवश्यकता थी, जिस हेतु उनके यहां सुखमनी किशन उर्फ सुखमनी टोप्पो, आयु लगभग 50 वर्ष, घरेलू कार्य में उनका सहयोग कर रही थी, जो वर्ष 2013-14 की बात है तत्पश्चात् वह छुट्टियों में अपने घर उड़िसा गयी व पुन: वापस आने के लिए उससे कहा कि वह सर्विस प्रोवाईडर कम्पनी प्रिया इंटरप्राईजेज, जिसका संचालन तबरेज खान निवासी झारखण्ड द्वारा किया जा रहा है, उसके मार्फत से कार्य करने हेतु आ सकती है और वह कार्य करने की इच्छुक है, जिस पर उसकी तबरेज खान से बात हुई। तबरेज खान उनके घर भी आया, कार्य की अधिकता को देखते हुए उसने तबरेज खान से एक अन्य घरेलू कार्य हेतु एक नौकर के लिए कहा, जिस पर वह रीना मुण्डा पुत्री जोहन मुण्डा नाम की महिला को उसके घर ले आया। रीना मुण्डा एवं सुखमनी टोप्पो दोनो एकसाथ एक ही सर्वेंट क्वार्टर में रहती थीं। एक अन्य महिला सुनिता टोप्पो पत्नी पाल्लू टोप्पो को उसके यहां घरेलू कार्य हेतु रख दिया। तबरेज समस-समय पर उनके घर आता था तथा पैसों का हिसाब करता था। उसने बताया कि एक दिन तबरेज ने उससे कहा कि वह उसको 30 लाख रूपये दे नही तो उसको व उसके बेटे को बलात्कार के केस में फंसा दूंगा। उसके साथ उसकी दोनों नौकरानी व अन्य लोग मिले हुए थे। इन लोगों ने उसको डराकर 12 लाख रूपये ले लिये। जब उसने कहा कि अब उसको माफ करो तो उन्हेंने कहा कि अभी 18 लाख रूपये ओर दो नहीं तो बलात्कार के मुकदमें जेल भेज देगे। उसने पुलिस को बताया कि उक्त लोग काफी खतरनाक है तथा उनको इनके चंगुल से बचाया जाये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## संवाद से सब कुछ..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

कहा कि हम सभी को कुछ नया सोचने और करने की जरूरत है। दृढ़ इच्छाशक्ति से ही सब कुछ संभव है। उन्होंने स्वामी रामदेव व बालकृष्ण द्वारा यम्केश्वर में बनाए गए वैलनेस सेंटर की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि वह इन तीन दिनों में अनेक अद्भुत अनुभूतियों के साथ लौट रहे हैं। उन्होंने सीएम धामी को आगे भी भरपूर सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत, मदन कौशिक सहित यूपी व उत्तराखंड के तमाम बड़े अधिकारी भी मौजूद थे।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, *एडवोकेट*
बैजनाथ, *एडवोकेट*

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*